वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेंल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 149/2025

प्रेस-नोट

दिनांक-22.04.2025

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सिधारी शशिचन्द चौधरी के कुशल निर्देशन में थाना सिधारी की पुलिस टीम द्वारा चोरी के अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 22.04.2025 को एक शातिर अपराधी को चोरी गये आभूषण (कीमत लगभग 1.25 लाख रूपयें), 50,100/- रूपये नगद तथा 01 मोटर साइकिल स्प्लेण्डर के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना सिधारी

जनपद आजमगढ़ के सिधारी थाने के चोरी के कुल 02 घटनाओं का सफल अनावरण

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी गये आभूषण (कीमत लगभग 1.25 लाख रूपयें), मोबाईल फोन वीवो -एक तथा 50,100 रूपये नगद तथा 01 मोटर साइकिल स्प्लेण्डर UP50DA0145 बरामद

पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण:-

➡दिनांक 07.03..2025 को वादिनी प्रमिला पत्नी राजकुमार सा0 कृष्णा नगर कालोनी जाफरपुर थाना सिधारी, आजमगढ़ द्वारा थाना सिधारी पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि दिनांक 05.03.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर का ताला तोड़कर दो कान की बाली लगभग 16 ग्राम व एक पायल तीन जोड़ी बिछिया चुरा ले गये । जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 096/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया।

➡ दिनांक 14.04.25 को वादी शैलेन्द्र कुमार भारती पुत्र हरिकेश राम सा0 सदरपुर थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ हाल पता सलारपुर थाना सिधारी, आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर आकर लिखित तहरीर दिया कि दिनांक 12.04.2025 को शाम 05 बजे से दिनांक 14.04.2025 की शाम 05.30 बजे के मध्य को वादी के घर से अज्ञात लोगों द्वारा वादी के सलारपुर स्थित मकान में सीढ़ी का दरवाजा तोड़कर अन्दर घर में घुसकर दरवाजे कमरे का ताला एवं आलमारी का लाकर खोलकर गले का हार एक मंगलसुत्र एक कान झाला चार, चैन एक सोने की अंगुठी , पाजेब एक पायल तीन, वीवो मोबाइल एक जिसका IMEI NO 864782072344276 तथा चार हजार रूपया नगद चोरी कर लिया गया । जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 168/2025 धारा 331(4)/305 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरण -

आज दिनांक- 22.04.2025 को उ0नि0 मो0 जावेद सिद्दीकी, उ0नि0 नीतीश सिंह, उ0नि0 युगराज सिंह मय हमराह हाइडिल चौराहा सिधारी पर मौजूद थे कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल के साथ डुगडुगवा ओवरब्रिज के नीचे खड़ा है उसके पास चोरी का सामान है। जिसे कहीं बेचने के फिराक मे ले जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस तत्काल उक्त स्थान पर पहुँचकर अभियुक्त हिमांशु गौड़ पुत्र मुकेश गौड़ निवासी बिजौली थाना बरदह जनपद आजमगढ उम्र करीब 23 वर्ष को पकड़ लिया गया। जिसके कब्जे से पाजेब सफेद धातु – 01 जोड़ी ,पायल सफेद धातु - 03 जोडी , बिछिया सफेद धातु –03 जोडीं, पीली धातु चैन -01 , पिली धातु कान का झाला -01 जोड़ी , लाकेट पीली धातु -01 , कान का टप्स पीली धातु -01 जोडी, मोबाईल फोन वीवो -एक तथा 50,100/- रूपये नगद तथा मोटर साइकिल स्प्लेण्डर UP50DA0145 बरामद हुआ।

पूछताछ कर विवरण:-

➡ गिरफ्तार अभियुक्त **हिमांशु गौड़ पुत्र मुकेश गौड़ निवासी बिजौली थाना बरदह जनपद आजमगढ उम्र करीब 23 वर्ष** द्वारा बताया गया कि दिनांक 05/03/2025 को मैने कृष्णा नगर कालोंनी में रात में ताला तोड़कर चोरी किया था। जिसमे एक जोड़ी बाली एक पायल , 03 जोड़ी बिछुआ मिला था। बाली तथा पायल एक चलते राहगीर को रुपये 35000/- मे बेच दिया था जिसमे से 25000/- रुपये खर्च हो गए है उसमे से 10000 रु0 तथा 03 जोड़ी बिछुआ बचा है तथा दिनांक 13/04/2025 को अपने किराये के मकान जो की सलारपुर में था के बगल के घर मे ताला लगा देखकर चोरी किया था जिसके आलमारी से 01 हार , 01 लाकेट, 02 जोड़ी कान का झाला, 01 चेन, 01 सोने की अंगुठी, 03 जोडी पायल तथा 01 जोड़ी पाजेब तथा 01 वीवो का मोबाइल मिला था जिसमे से हार, अंगूठी को राह चलते राहगीर को 40000/- रु0 मे बेच दिया था उसी के रु0 40000/- तथा लाकेट, कान का झाला, चेन, 03 जोड़ी पायल तथा पाजेब बचा था जिसे बेचने हेतु अम्बेडकर नगर जा रहा था कि साहब आप ने पकड़ लिया। मैं इस मोटर साइकिल से दिन में रेकी करता हूं और मौका मिलने पर रात में चोरी करता हूं।

पंजीकृत अभियोग:-

1-मु0अ0सं0- 096/2025 धारा 305 बी0एन0एस0, थाना सिधारी आजमगढ़

2-मु0अ0सं0- 168/2025 धारा 331(4)/305 बी0एन0एस0 थाना सिधारी आजमगढ़

गिरफ्तार अभियुक्त:-

हिमांशु गौड़ पुत्र मुकेश गौड़ निवासी बिजौली थाना बरदह जनपद आजमगढ उम्र करीब 23 वर्ष

1. मु0अ0सं0 – 168/2025 धारा- 331(4)/305/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना सिधारी आजमगढ़
2. मु0अ0सं0 96/2025 धारा –305/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना सिधारी आजमगढ़
3. मु0अ0सं0- 373/2023 धारा 380/411 भादवि थाना बरदह आजमगढ़

अनावरण अभियोगों का विवरण:-

1. मु0अ0सं0 – 168/2025 धारा- 331(4)/305/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना सिधारी आजमगढ़ से सम्बन्धित 01 लाकेट, 02 जोड़ी कान का झाला, 01 चेन, 03 जोडी पायल तथा 01 जोड़ी पाजेब व 40000/- रूपया नगद
2. मु0अ0सं0 96/2025 धारा –305/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना सिधारी आजमगढ़ से सम्बन्धित 03 जोड़ी बिछुआ सफेद धातु व 10000/- रूपया नगद

बरामदगी:-

1. 01 जोड़ी पाजेब सफेद धातु ,
2. 03 जोड़ी पायल सफेद धातु,
3. 03 जोड़ी बिछिया सफेद धातु,
4. 01 चैन पीली धातु
5. 01 जोड़ी कान का झाला पीली धातु
6. 01 लाकेट पीली धातु
7. 01 जोड़ी कान का टप्स पीली धातु
8. 01 मोबाइल फोन वीवो
9. 50100/- रूपये नगद बरामद
10. 01 मोटर साइकिल स्प्लेण्डर UP50DA0145

गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1.उ0नि0 मो0 जावेद सिद्दीकी थाना सिधारी आजमगढ़

2.उ0नि0 युगराज सिंह थाना सिधारी आजमगढ़

3.उ0नि0 नीतीश सिंह थाना सिधारी आजमगढ़

4. हे0कां0 सर्वेश यादव थाना सिधारी आजमगढ़

5. हे0कां0 मूलचन्द थाना सिधारी आजमगढ़

6. कां0 अनुराग तिवारी थाना सिधारी आजमगढ़

थाना सिधारी
जनपद-आजमगढ़
CUG No. 9454402925